राजस्थान सरकार
निदेशालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमाक : एफ 7(4)अका/निकाशि/प्रवेशनीति/13/275 दिनांक : 03-10-13

परिपत्र

राज्य सरकार की घोषणा के अनुरूप राज्य में इस सत्र में 39 नवीन राजकीय महाविद्यालय स्थापित किये गये हैं वे यथासंभव अधिकतम इसी सत्र के शैक्षणिक सत्र 2013–14 मे प्रारम्भ किये जाने हैं । अतः सत्र की पूर्ति हेतु यह निर्णय लिया गया है कि नवीन राजकीय महाविद्यालयों में अवकाश दिवसों में एवं नियमित कक्षाओं के अतिरिक्त कक्षायें लगाई जाकर शैक्षणिक सत्र की पूर्ति सुनिश्चित की जाये ।

निर्धारित कार्य दिवसों की पूर्ति एवं विश्वविद्यालय अनुसार पाठ्यक्रम को पूर्ण करवाने हेतु अतिरिक्त कक्षायें लगाने एवं इस हेतु अवकाश के दिवसों में नियमित कक्षायें लेने हेतु संबंधित प्राचार्य को पूर्ण रूप से अधिकृत किया जाता है । संबंधित प्राचार्य अविलम्ब विषयवार एवं प्राध्यापक वार समय–सारणी बनाकर निदेशालय को दिनांक 15 अक्टूबर 2013 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें ।

संबंधित प्राचार्य रविवार के अवकाश के अतिरिक्त केवल त्यौहार के दिन यथा दशहरा दीपावली आदि, विधानसभा चुनाव दिवसों व राष्ट्रीय पर्व यथा गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के अतिरिक्त शेष समस्त अवकाश दिवसों में कक्षायें लगवाने हेतु अधिकृत रहेंगे ।

इन नवीन राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ को नियमानुसार अवकाश दिवसों पर कार्य करने बाबत अवकाश पुर्नभरण किया जावेगा (यथा उपार्जित अवकाश अथवा क्षतिपूरक अवकाश)।

उक्त समस्त के अतिरिक्त ऐसे नियमित छात्र जो अन्य महाविद्यालयों से स्थानान्तरित होकर आयेंगे उन छात्रों को उनके अभी तक पिछले महाविद्यालय में अटेण्ड किये सत्र की उपस्थिति का लाभ नवीन राजकीय महाविद्यालय में भी दिया जायेगा ।

नवीन राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को यह निर्देशित किया जाता है कि न्यूनतम आवश्यक शैक्षणिक दिवसों के बराबर अध्ययन पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें ।

(नवीन जैन)
निदेशक

क्रमाक : एफ 7(4)अकाद/निकाशि/प्रवेशनीति/13/275 दिनांक : 03-10-13

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, राज0 जयपुर ।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राज0 जयपुर ।
3. निजी सचिव, निकाशि जयपुर
4. समस्त प्राचार्य, नवीन राजकीय महाविद्यालय
5. संयुक्त निदेशक, कार्मिक, प्रशासन, आयोजना, अकादमी
6. मुख्य लेखाधिकारी, निकाशि जयपुर
7. डा० धीरेन्द्र द्विवेदि, व्या० वेबसाइट प्रभारी, निदेशालय।

(डा0 राजेश शुक्ला)
संयुक्त निदेशक (अकादमी)